भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.904

जिसका उत्तर 21.11.2019 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना के तहत राजमार्ग परियोजना

904. श्री रमेश चन्द्र कौशिकः

श्री दिलीप शइकीयाः

श्री जगदम्बिका पालः

श्री विजय कुमारः

श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः

श्री नारणभाई काछड़ियाः

श्री प्रदीप कुमार सिंहः

श्रीमती गीताबेन वी॰ राठवाः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतमाला परियोजना के तहत देश में 2022 तक 35 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण/उन्नयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और यदि हां, तो उक्त परियोजना के तहत चयनित राजमार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ख) 'परियोजना' के अंतर्गत अब तक निर्मित राजमार्गों की लंबाई और साथ ही निर्माण हेतु प्रस्तावित सड़कों की लंबाई का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस उद्देश्य हेतु आवंटित/उपयोग की गई धनराशि कितनी है;

(घ) उक्त परियोजना के तहत भारत-नेपाल सीमा पर बनी गई/बनाई जा रही सड़क की लंबाई का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने 'परियोजना' के तहत कार्यों की समाप्ति हेतु उत्तरदायित्व सौंपा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या उन राज्यों को 'भारतमाला परियोजना' के तहत प्राथमिकता दी जाएगी जहां एनएच कवरेज उनकी जनसंख्या घनत्व के आधार पर राष्ट्रीय औसत से कम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): भारतमाला परियोजना एक छत्रक कार्यक्रम है जिसमें लगभग 65,000 किमी के राजमार्ग शामिल हैं। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत कुल लंबाई में से 24,800 किमी राजमार्ग (अर्थात आर्थिक गलियारा, अंतर गलियारा, फीडर रूट, सीमा सड़क इत्यादि) के साथ-साथ 10,000 किमी शेष एनएचडीपी खंड की 2017-18 से 2021-22 तक अर्थात 5 वर्ष की अवधि में परियोजना के चरण-I के अंतर्गत निर्माण करने की परिकल्पना की गई है जिसके लिए 5,35,000 करोड़ निर्धारित किये गये हैं। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत खंड की संभावित लंबाई, राज्यवार अनुबंध पर दी गयी है। कुल लगभग 2,64,916 करोड़ रुपए की पूंजी लागत के साथ भारतमाला

परियोजना चरण-। के अंतर्गत आज की तिथि तक लगभग 10,678 किमी की समग्र लंबाई के साथ कुल 255 सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्वीकृत परियोजनाओं में से लगभग 9,561 किमी की समग्र लंबाई के साथ 226 सड़क परियोजनाओं को निर्माण के लिए सौंपा गया है।

(घ): भारतमाला परियोजना चरण-। में 25,000 करोड़ रुपए के परिव्यय से 2000 किमी की लंबाई के सीमा एवं अंतरराष्ट्रीय संपर्क सड़क की भी परिकल्पना की गई है। भारत-नेपाल सीमा के साथ परियोजना जोकि लगभग 69 किमी के एनएच 28ए पर पीपराकोठी-मोतीहारी-रक्सौल का शेष कार्य और लगभग 334 करोड़ रुपए की सिविल लागत दिसंबर 2018 में प्रदान की गई है और यह फरवरी 2019 में 12 महीने में पूरा करने की अनुसूची के साथ शुरू हो गई है।

(ड.) और (च): समयसीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने के उद्देश्य से भारतमाला परियोजना के अंतर्गत परियोजना की प्रगति का अनुवीक्षण नियमित रूप से किया जाता है ताकि परियोजना के लिए डीपीआर/व्यवहार्यता अध्ययन और सिविल कार्य को समय से पूरा किया जा सके। भारतमाला परियोजना कार्यक्रम के तहत पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्ग घनत्व को बेहतर करने के लिए देश में 550 जिलों को सड़क संपर्क प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।

अनुलग्नक

'भारतमाला परियोजना के तहत राजमार्ग परियोजना' के संबंध में श्री रमेश चन्द्र कौशिक, श्री दिलीप शइकीया, श्री जगदम्बिका पाल, श्री विजय कुमार, श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर, श्री नारणभाई काछड़िया, श्री प्रदीप कुमार सिंह और श्रीमती गीताबेन वी॰ राठवा द्वारा पूछे गए दिनांक 21.11.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 904 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित **अनुलग्नक**

भारतमाला पारीयोजना के तहत परिकल्पित सड़कों और राजमार्गों के राज्यवार विवरण

क्रम सं.	**राज्य**	**अनुमानित लंबाई (किमी)**
1	आंध्र प्रदेश	3,600
2	असम	2,190
3	बिहार	1,670
4	छत्तीसगढ़	950
5	दिल्ली	20
6	गोवा	200
7	गुजरात	4,200
8	हरियाणा	2,310
9	हिमाचल प्रदेश	200
10	जम्मू और कश्मीर	430
11	झारखंड	960
12	कर्नाटक	4,220
13	केरल	1,240
14	मध्य प्रदेश	5,850
15	महाराष्ट्र	8,340
16	मणिपुर	920
17	मेघालय	550
18	मिजोरम	1,080
19	नागालैंड	450
20	ओडिशा	3,110
21	पंजाब	2,130
22	राजस्थान	5,500
23	सिक्किम	160
24	तमिलनाडु	4,350
25	तेलंगाना	1,840
26	त्रिपुरा	650
27	उत्तर प्रदेश	4,800
28	उत्तराखंड	830
29	पश्चिम बंगाल	2,250
30	कुल	65,000

*****